# रणजीत टाइम्स

इंदौर

शुक्रवार, 4 जुलाई, 2025


वर्ष 01 | अंक 168 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे




## नव निर्वाचित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन किये



रणजीत टाइम्स

उज्जैन । मध्य प्रदेश के बैतुल से विधायक एवं नव निर्वाचित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खण्डेलवाल ने अपने उज्जैन प्रवास के दौरान श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुँच कर भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन किये।

पूजन पुजारी श्री राजेश शर्मा व पुजारी श्री आकाश शर्मा द्वारा सम्पन्न करवाया गया। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उज्जैन के महापौर एवं श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के पदेन सदस्य श्री मुकेश टटवाल द्वारा श्री खण्डेलवाल का स्वागत व सम्मान किया गया। इस दौरान प्रदेश संगठन मंत्री श्री हितानंद शर्मा राज्यसभा सांसद बालयोगी श्री उमेशनाथ महाराज, उज्जैन सांसद श्री अनिल फिरोजिया, प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल, उज्जैन(उत्तर)विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, घट्टिया विधायक श्री सतीश मालवीय, उज्जैन नगर अध्यक्ष श्री संजय अग्रवाल, आदि उपस्थित थे।

# महिला मॉक पार्लियामेंट

### डॉ मोहन बोले- ऑपरेशन सिंदूर हमने किया और नादान कह रहे नरेंदर ने सरेंडर कर दिया, हितानंद और हेमंत खंडेलवाल ने कही यह बात



भोपाल। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा महिला मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सवाल उठाया कि – कांग्रेस क्यों नाम रखा, ऐसी गरीब पार्टी थी कि इसे भारतीय नाम ही नहीं मिला। कांग्रेस अंग्रेजों ने बनाई थी और अंग्रेज चले गए, लेकिन कांग्रेस अब भी चलाई जा रही है। कम से कम पार्टी का नाम ही बदल लेते। भैया भारतीय परिधान कुर्ता पजामा तक नहीं पहनते, टी-शर्ट में ही घूमते रहते है। कहा- अटलजी नेता प्रतिपक्ष थे, उन्होंने दुर्गा की संज्ञा दी। अब भैया बैठ गये, नेता प्रतिपक्ष पद की क्या स्थिति कर दी है। डॉ यादव ने कहा- बम गिराने गए अभिनंदन को पाकिस्तान हाथ लगाने का दुस्साहस नहीं कर सका, ये आज का भारत है।

इसके बाद भी टीशर्ट वाला कहता रहा बम कहां गिरा, राहुल गांधी बेशर्मी की बात करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर हमने किया और नादान कह रहे हैं नरेंदर ने सरेंडर कर दिया। ऐसी बात तो हमारे दुश्मन देश ने नहीं की, सरेंडर होंगे हमारे दुश्मन। हम आज आपातकाल की बातें इसलिए बता रहे क्योंकि यह बीज एक ही घर से चला आ रहा है।



### आपातकाल का अंश अभी खत्म नहीं हुआ

मुख्यमंत्री डॉ मोहन ने कहा- इंदिरा गांधी ने बेईमानी से चुनाव जीता था। चुनाव का फैसला विरोध में आने के बाद आपातकाल लगा दिया। इसी तरह राजीव गांधी ने तीन तलाक को लेकर आए सुप्रीम कोर्ट का फैसला बदला था। अब तीसरी पीढ़ी के राहुल गांधी आज वही कर रहे हैं। आपातकाल का अंश अभी खत्म नहीं हुआ है। कांग्रेस ने अंबेडकर को तक नहीं छोड़ा, पार्थिव शरीर के लिए दिल्ली में जगह नहीं दी गई। पार्थिव शरीर मुंबई ले गए तो प्लेन तक का किराया परिवार से लिया गया। नकली रावण भगवा वेश में आकर सीता माता का हरण करते हैं

### वेणुगोपाल ने ही लिखा कैसे संविधान की हत्या हुई संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने कहा कि

संविधान की हत्या किसने की ये जानने के लिए लाल किताब पढ़ें। राहुल गांधी जो लाल किताब लेकर घूमते हैं वह जरूर पढ़ें, उसका प्रस्तवना पढ़ेंगे तो पता चलेगा राहुल गांधी के परिवार ने कैसे संविधान की हत्या की है। किताब में वेणुगोपाल ने ही लिखा है कि कैसे संविधान की हत्या हुई है।

बाबा साहब के संविधान को मिटाने का प्रयास

### बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल ने कहा

इंदिरा महिला शक्ति के रूप में उभरी थीं लेकिन उन्होंने खुद के लिए बाबा साहब के संविधान को मिटाने का प्रयास किया। इंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिरा का नारा इंदिरा गांधी ने ही दिया आपातकाल में विरोध करने वालों के साथ बुरे से बुरा बर्ताव हुआ है। आने वाले समय भारत में संसद का एक तिहाई प्रतिनिधित्व महिलाएं करेंगी।

# त्रि-दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का समापन

**रणजीत टाइम्स**

पिपलौदा। शासकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार सत्र 2025-26 में नव प्रवेशित विद्यार्थी हेतु चल रहे त्रि-दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को समारोह आयोजित कर छात्र-छात्राओं का प्रभारी प्राचार्य प्रो. प्रकाश कुमार भालसे द्वारा स्वागत किया गया साथ ही जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसके अंतर्गत प्रो. मयंक पटेल द्वारा विश्वविद्यालय के खेल कैलेंडर के अंतर्गत शामिल विभिन्न प्रतियोगिताओं की आधारभूत जानकारी देते हुए विद्यार्थियों के जीवन में फिटनेस गतिविधियों की उपादेयता को भी इंगित किया गया। डॉ. श्वेता जोशी द्वारा ई-लाइब्रेरी, ई-बुक एवं राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर ओटीआर करवाने संबंधी जानकारी एवं जागरूक किया गया। डॉ. अर्चना आर्य द्वारा विद्यार्थियों को प्रवेश से संबंधित अपार आईडी, समग्र आईडी व आधार कार्ड में सुधार के लिए जागरूक किया गया। डॉ. सरिता सोनी द्वारा एन.एस.एस. के बारे में समझाया व अधिक से अधिक सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. ऋचा पचौरी द्वारा महाविद्यालय में प्रतिवर्ष की भांति सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों के आयोजन की जानकारी देते हुए सहभागिता करने हेतु प्रोत्साहित किया गया ताकि विद्यार्थी इन गतिविधियों से जुड़कर अपना चहुमुख विकास कर सके इसी के साथ त्रि-दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का समापन किया गया।




## एम.पी. ट्रांसको में चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज परीक्षण की तीनों चरणों की प्रक्रिया पूर्ण



**रणजीत टाइम्स**

जबलपुर। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) में चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों के भौतिक परीक्षण की तीन दिवसीय प्रक्रिया 3 जुलाई को सफलतापूर्वक पूर्ण हुई। यह प्रक्रिया 1 जुलाई से प्रारंभ होकर लगातार तीन दिन चली, जिसमें कनिष्ठ अभियंता और सिविल अटेण्डेंट पदों के लिए बुलाए गए कुल 65 अभ्यर्थियों में से 62 ने दस्तावेज परीक्षण में भाग लिया। उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2024 में इन पदों हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत एम.पी. ट्रांसको को 41 कनिष्ठ अभियंता और 24 सिविल परिचारक पदों की स्वीकृति प्राप्त हुई थी। इसके पश्चात मार्च 2025 में आयोजित ऑनलाइन परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को दस्तावेज परीक्षण हेतु बुलाया गया था। एम पी ट्रांसको के मुख्य अभियंता श्री धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि चयनित अभ्यर्थी नियत समय पर सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हुए और पूरी प्रक्रिया का पालन करते हुए परीक्षण पूर्ण कराया। दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात शीघ्र ही नियुक्ति आदेश जारी किए जाएंगे, जिससे अभ्यर्थी विभाग में सेवा का आरंभ कर सकें।

इस दस्तावेज परीक्षण प्रक्रिया का संचालन एम.पी. ट्रांसको के अधीक्षण अभियंता श्री राजेश शर्मा, श्री नवीन पांडे, एच.आर. मैनेजर श्रीमती नुसरत सिद्दीकी, अमित मेहरोलिया, सहायक अभियंता डी.जी. गोस्वामी, पी.डी. अग्रवाल, शैलेन्द्र चाल्स, सुधीर कुमार डे एवं अमितेन्द्र गौरव की टीम द्वारा किया गया।

# जनप्रतिनिधियो की उदासीनता..

## चुनाव में किए वादे दिला रहे हैं याद पीड़ाः दो विधानसभा से जुड़ा भानपुर सकतखेड़ी सड़क मार्ग हो रहा उपेक्षा का शिकारबारिश में हो रही फजीहत, आवागमन में परेशानी लोद मुंडलाकला रोड़ भी जर्जर

**रणजीत टाइम्स**

बड़ावदा। जनपद पंचायत जावरा की ग्राम पंचायत निम्बोदिया के भानपुर गांव के लोग सकतखेड़ी से जोड़ने वाली सड़क की दुर्दशा से बेहद परेशान है। यह सड़क आलोट विधानसभा व खाचरोद विधानसभा से जुड़ी है। जिससे इस सड़क की और कोई जनप्रतिनिधि ध्यान देने को तैयार नहीं है।इस सड़क से होकर लोग बड़ावदा व खाचरोद के गांवों में आवागमन करते हैं। इस प्रतिनिधि को कई गांवों के लोगों ने सड़कों की हालतों को लेकर अपनी पीड़ा बया की हैं। वही लोग सोशल मीडिया पर विधानसभा चुनाव में किए गए वायदों के वीडियो की वायरल कर रहे हैं।

### टेढ़ी खीर हैं इस मार्ग से गुजरना....

1200 लोगों की जनसंख्या वाले भानपुर गांव के लोग लगभग तीन किमी की बदहाल सड़क से तंग आ चुके है। बारिश में इस सड़क से गुजरना काफी टेढ़ी खीर हैं। गड्ढे तो इतने हो गए कि लगता ही नहीं है कि यह सड़क हैं। गड्ढे पानी से भरा गए। सड़क पर कीचड़ ही कीचड़ हो गया। वाहन चलाने में पसीने छूट जाते हैं।

### दो जिलों को जोड़ती यह सड़क.....

भानपुर सकतखेड़ी वाली यह सड़क उज्जैन जिले को भी जोड़ती है । इस रोड़ से चापानेर, चापाखेड़ा, बड़ावदा, उज्जैन अन्य शहर जाने का एक मात्र रास्ता है। इसी रोड स्कूल के बच्चे भी चापानेर, चापाखेड़ा, बड़ावदा स्कुल पड़ने जाते है ।साथ ही किसान भी बड़ावदा मंडी मे भी इसी रोड से टैक्टर व अन्य वाहन माल लेकर आते है। जिससे वाहन गिरने का डर लगा रहता है।कई सालो ये रोड़ विकास की राह देख रहा है।

### कांग्रेस को दिया था सहयोग...

भाजपा का गढ़ माने जाने वाला भानपुर रोड़ की नाराजगी को लेकर 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा से खफा हो गया था। जिसका फायदा कांग्रेस प्रत्याशी को मिला था। चुनाव जीतने के बाद उन्होंने भी रोड बनवाने का आश्वासन दिया था लेकिन समस्या यथावत है। इस विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने भाजपा को एकतरफा मत दिए। लेकिन फिर भी उनकी सुध कोई नहीं ले रहा।





### लोद से मुंडलाकला रोड़ भी खतरनाक जर्जर...

जनपद अध्यक्ष रुक्मणी हेमराज हाड़ा के गृह गांव लोद से मुंडलाकला के रोड़ की हालत भी खस्ता हैं 6 किमी के इस मार्ग पर यात्रा करना किसी खतरे से कम नहीं। लोद के लोगों को ताल जाने के लिए यह मार्ग सुलभ है लेकिन इसकी घटिया हालत से कोई कैसे जाय? यहां के लोग भी रोड़ की हालत से त्रस्त हो चुके हैं। यह रोड़ जावरा एवं आलोट विकासखंड दोनों में आ रहा है।

जनपद अध्यक्ष श्रीमती हाड़ा ने बताया कि सांसद महोदय को पूर्व में इस रोड़ के लिए पत्र लिखा था। मंत्री जी को उनके द्वारा इस रोड़ के साथ अन्य दो रोड़ की स्वीकृति हेतु अनुशंसा की गई। लेकिन अभी कोई मंजूरी नहीं मिली हैं।

### डूमाहेड़ा चापखेड़ा मार्ग की भी यही स्थिति....

डूमाहेड़ा से चापखेड़ा तक के तीन किमी की भी स्थिति खराब हैं। डूमाहेडा के बच्चे चापखेड़ा स्कूल पढ़ने जाते हैं । मार्ग में कीचड़ ही कीचड़ होने से बच्चों को साइकिल चलाने में दिक्कत आती हैं। यह मार्ग भी रतलाम व उज्जैन जिले में आता हैं ।

### इनका कहना है....

इस रोड़ के लिए सांसद, विधायक को पत्र लिखे। हमारी एक ही मांग है वह पूरी नहीं हो रही हैं। विधायक महोदय राशि उपलब्ध कराए तो मुहर्रम डालकर फिलहाल रोड़ थोड़ा सही कर सकते है।

**बबलू सिंह चंद्रावत,सरपंच, निम्बोदिया**

भानपुर सकतखेड़ी मार्ग दो विधानसभा से जुड़ा होने के कारण अधर में लटका हुआ हैं। हमें काफी दिक्कतें आती है। वाहनों को भी नुकसान हो रहा है।

# जयपुर से शिवपुरी आई महिला के 10 लाख रुपए के जेवर चुराने वाले चोर को कोतवाली थाना पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर किया गिरफ्तारः लाखों का माल किया बरामद

रणजीत टाइम्स

शिवपुरी शहर के कोतवाली थाना पुलिस ने बस से महिला के लाखों के जेवर चोरी करने वाले एक चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिसका खुलासा आज गुरुवार की दोपहर 1:00 बजे पुलिस कंट्रोल रूम से एसपी अमर सिंह राठौड़ ने किया है जानकारी के अनुसार कल बुधवार को कोतवाली थाना क्षेत्र के फतेहपुर रोड विजय स्टील के पास रहने वाली कृष्णा राठौर पत्नी संजीव राठौर अपनी ससुराल जयपुर से कल्पना ट्रेवल्स की बस से शिवपुरी आई थी। उन्हें अपनी बहन के घर एक शादी समारोह में






शामिल होना था। इसी वजह से वे अपने साथ जेवरात लेकर आई थीं। बुधवार सुबह जब दंपती पोहरी चौराहे पर बस से उतरे, तो कुछ देर बाद महिला को याद आया कि उसका पर्स बस में ही छूट गया है।

उन्होंने तुरंत बस की तलाश की, लेकिन पर्स नहीं मिला। पीड़ित दंपती ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत मिलते ही जांच में जुटी कोतवाली थाना पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर आरोपी जितेंद्र, केवट पुत्र कैलाश केवट निवासी रन्नौद को शिवपुरी रेलवे गोदाम से गिरफ्तार कर महिला के लाखों के ज़ेवर बरामद कर लिए है।

# व्यापारियों ने की सांसद से मुलाकात समस्याओं के निस्तारण को दिया पत्र






रणजीत टाइम्स

इस्पात नगर उद्योग व्यापार मंडल के व्यापारियों एवं पदाधिकारियों के द्वारा इस्पात नगर में सांसद रमेश अवस्थी का भव्य स्वागत किया गया। अध्यक्ष विनोद पाल ने सांसद रमेश अवस्थी का स्वागत मल्यार्पण कर अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया।

व्यापारियों ने प्रार्थना पत्र देते हुए माग रखी की इस्पात नगर क्षेत्र की सड़को पर बड़े बड़े गड्ढे है जिससे आए दिन हादसा होता रहता है अध्यक्ष विनोद पाल ने कहा कि मौजूदा समय बरसात का होने के कारण सड़के जलमग्न है। सीवर लाइन ना होना आज भी उन्हें ग्रामीण इलाके में रहना प्रतीत कराते हैं। सड़को में जलभराव के कारण ग्राहक और व्यापारी आने में कतराते है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने कहा कि व्यापारियों की समस्यायों का जल्द निस्तारण हो। इस दौरान मुख्य रूप से अध्यक्ष विनोद पाल कोषाध्यक्ष तेज सिंह यादव अरुण गुप्ता प्रदीप केडिया एच बी सिंह विपिन खुल्लर राजेश पाल अजय त्रिवेदी हर्ष गुप्ता सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक ली

रणजीत टाइम्स

झाबुआ । कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा का आयोजन बैठक किया गया। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा में कलेक्टर नेहा मीना को अवगत कराया गया कि जिले में नवीन कुपोषण चिन्हांकन में 622 बच्चे 402 आंगनवाड़ी केन्द्रों से है, 44 आंगनवाड़ी केन्द्रों पर 2 से अधिक कुपोषित बच्चें है, 476 मोटी आई का चिन्हांकन हो गया है एवं 115 बच्चे पलायन पर है। साथ ही पिछले तीन माह की एनआरसी की रिपोर्ट की भी समीक्षा की गयी। कलेक्टर नेहा मीना ने कहा कि कुपोषण मुक्त झाबुआ के तहत जिले में पदस्थ नवीन सीडीपीओ का ओरिएंटेशन किया जाए एवं सभी सक्रियता से कार्य करें।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा के दौरान 55 प्रतिशत ही प्रगति होने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की एवं परियोजनावार समीक्षा कर हर परियोजना की बॉटम 4 की सुपरवाईजर को नोटिस दिये जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि मातृ वंदना योजना के तहत गर्भवती महिलाओं की जानकारी प्राथमिकता के आधार पर पोर्टल दर्ज की जाए, प्रतिदिन मॉनीटरिंग की जाए, टेक्निकल समस्या होने पर जिले की टीम सुपरवाईजर की सहायता करें। साथ ही अच्छा कार्य करने वाली सुपरवाईजर से कैसे प्रगति लायी गयी के बारें में जाना। इसके अतिरिक्त लाड़ली लक्ष्मी योजना पोषण ट्रेकर के माध्यम से दर्ज गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं एवं बच्चों को दिये जाने वाले टीएचआर की समीक्षा की गयी । कलेक्टर ने बैठक में निर्देशित किया कि आंगनवाड़ी केंद्रों पर निरीक्षण कर भोजन उपलब्ध कराने वाले समूहो की जाँच की जाए, जिसमें 3 समय मेन्यू अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही कलेक्टर ने जिले की समस्त आंगनवाड़ियों के निरीक्षण के लिए एसडीएम, तहसीलदार एवं जिला अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर निरीक्षण कर रिपोर्ट लिये जाने के निर्देश दिये। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर नेहा मीना ने गर्भवती महिलाओं के एएनसी पंजीकरण की समीक्षा की गयी। राणापुर में अच्छा कार्य करने पर उनसे कार्ययोजना की जानकारी ली एवं पेटलावद, मेघनगर व झाबुआ को प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये। पहले ट्राइमेस्टर में गर्भवती के एएनसी रजिस्ट्रेशन पिछले वर्ष 88.1% की तुलना में इस वर्ष 90.6% की गयी। कलेक्टर नेहा मीना ने कहा कि कुपोषण से लड़ने के लिए आवश्यक है कि गर्भवती महिला के पहले ट्राइमेस्टर से ही उस पर ध्यान दिया जाए जिससे पैदा होने वाला बच्चा कुपोषित ना हो। इसलिए पहले ट्राइमेस्टर का पंजीकरण स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग समन्वय से गंभीरता से किया जाए। समीक्षा के दौरान पंजीकरण में लक्ष्य के विपरीत कम प्रगति होने पर बॉटम के सेक्टर सुपरवाईजर को नोटिस दिये जाने के निर्देश दिये। साथ ही पहले ट्राइमेस्टर के पंजीकरण से छुटी गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण आवश्यक तौर पर किये जाने के निर्देश दिये । हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिले में आईएमआर (IMR), एमएमआर (MMR) एवं एनएनएमआर (NNMR) को कम किये जाने हेतु मुख्य सचिव के निर्देशो का पालन किया जाए । पूर्ण टीकाकरण की समीक्षा के दौरान कम प्रगति वाले सेक्टरो के सुपरवाईजर को नोटिस दिये जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि जहां आवश्यकता है बीएमओ टीकाकरण सेशन निर्धारित कर शेड्यूल बनाकर शत प्रतिशत पूर्ण कराये।

दस्तक अभियान 22 जुलाई 2025 से 16 सितंबर 2025:- 22 जुलाई से 16 सितंबर 2025 से प्रदेश में दस्तक अभियान प्रारम्भ होने जा रहा है जिसमें बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए अभियान चलाया जाएगा। जिसमें निमोनिया कुपोषण, एनीमिया, डायरिया एवं अन्य बीमारियों की शीघ्र पहचान कर उनका उपचार करना है। कलेक्टर नेहा मीना ने कहा कि अभियान के तहत जारी निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाए एवं निचले अमले तक भी निर्देशों को जारी किया जाना सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी श्री बी एस बघेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री आर एस बघेल, सहायक संचालक श्री अजय चौहान, समस्त बीएमओ, समस्त सीडीपीओ, सेक्टर सुपर सुपरवाईजर एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद


## भारत की आत्मा को जगाने वाला युगपुरुष



स्वामी विवेकानंद न केवल एक संत थे, बल्कि वे भारत की चेतना को पुनः जागृत करने वाले आध्यात्मिक योद्धा भी थे। उन्होंने अपने पुण्य कार्यों के माध्यम से यह सिद्ध कर दिया कि धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि यह मानवता की सेवा में भी समर्पित होना चाहिए। रामकृष्ण मिशन की स्थापना उनके सबसे महान कार्यों में से एक है, जो आज भी शिक्षा, चिकित्सा, आपदा प्रबंधन और सामाजिक सेवा के क्षेत्रों में कार्यरत है। उन्होंने युवाओं को आत्मबल, आत्मविश्वास और स्वाभिमान के साथ जीने की प्रेरणा दी। उनका प्रसिद्ध वाक्य "उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए" आज भी लाखों युवाओं के जीवन का पथप्रदर्शक बना हुआ है।

1893 में शिकागो के धर्म संसद में दिया गया उनका भाषण विश्व पटल पर भारत की गौरवशाली संस्कृति और सहिष्णुता की गूंज बन गया। उन्होंने दुनिया को बताया कि भारत मात्र एक देश नहीं, बल्कि एक विचार है – जो वसुधैव कुटुंबकम की भावना में विश्वास रखता है। स्वामी विवेकानंद का जीवन हमें यह सिखाता है कि सच्चा धर्म वही है जो सेवा, त्याग और मानवता की रक्षा में समर्पित हो। आज जब समाज में तनाव, भेदभाव और दिशाहीनता व्याप्त है, तब स्वामीजी का दर्शन एक प्रकाश स्तंभ की तरह हमारा मार्गदर्शन करता है। पुण्य कार्यों की प्रेरणा लेकर हमें भी अपने जीवन को समाज, राष्ट्र और मानवता के हित में लगाना चाहिए। यही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# सांसारिक कष्टों का आध्यात्मिक हल सत्य की ओर एक गहन यात्रा है



कष्टों का आध्यात्मिक हल सत्य की ओर एक गहरी यात्रा है, जो हमें अपनी आंतरिक शक्ति और शांति खोजने में मदद करता है। इस आध्यात्मिक यात्रा में जीवन के दुखों को स्वीकार करना और उनसे सीख लेना, साथ ही जीवन में सकारात्मकता और आशा बनाए रखना शामिल है।

हम सब ईश्वर के अंश हैं इस बात का बोध होना बहुत आवश्यक है। इसका बोध मात्र विश्वास करने से नहीं होता बल्कि उस अनुभूति को पाने से होता है जो सहज योग ध्यान से जुड़ने के बाद चैतन्य रुप में हमारे हाथों से प्रवाहित होता है। अपनी आत्मा को जानना और परमात्मा से जुड़ना एक महत्वपूर्ण कदम है। ध्यान योग की साधना जैसे अभ्यास इस दिशा में हमारी मदद करते हैं। ईश्वर अपनी हर कृति के अंदर अपनी छाप छोड़ता है। इंसान ईश्वर की सबसे सुंदर कृति है और ईश्वर की छाप है हमारे अंदर, हमारे रीढ़ की हड्डी के नीचे त्रिकोणाकार अस्थि में स्थित कुंडलिनी शक्ति। इस शक्ति के जागरण हेतु सालों तक साधक हठ योग व कठिन तपस्या करते हैं। परंतु परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी ने सहज योग के माध्यम से बड़ी सरलता से कुंडलिनी शक्ति को जागृत करने की विधि बताई है। सहज योग में सामुहिक ध्यान धारणा का विशेष महत्व है क्योंकि सहज योग माध्यम से एक साथ हजारों लोगों को एक साथ आत्मसाक्षात्कार दिया जा सकता है। आज हमारी परम पूज्य श्री माताजी साकार रूप में हमारे साथ नहीं है, पर उनकी बताई गई विधि से ध्यान धारणा द्वारा लाखों साधक इतने परिपक्व हो गये हैं कि वे माँ के एक इन्सटुमेंट बन हजारों लोगों को एक साथ आत्मसाक्षात्कार दे सकते हैं।

आत्मसाक्षात्कार प्राप्त होते ही हमारी मानसिक, बौद्धिक और आत्मिक स्थिति में बदलाव आ जाता है। इस आंतरिक परिवर्तन से हम वर्तमान में जीना सीख लेते हैं और पूर्व की घटनायें हम पर हावी नहीं होती। फलस्वरूप हमारा चित्त कष्ट पर नहीं होता बल्कि हम हमारे सामने आई समस्या का हल ढूंढने को प्रयासरत हो जाते हैं। यह स्थिति ही जीवन जीने की कला है। 28 अप्रैल 1991 के अपने एक प्रवचन में परमपूज्य श्री माताजी सहज योग के माध्यम से आनंद प्राप्त करने के संबंध में यह कहते हैं कि, "जब आप पूर्ण श्रद्धा और विवेक के साथ अपना हाथ गुरु के हाथ में सौंप देते हैं, तब आप स्वयं कुछ नहीं करते। आप केवल साक्षी भाव से सबको देखते हैं, सबको अनुभव करते हैं, और भीतर गहन आनंद का अनुभव करते हैं। चाहे आप क्रियाशील रहें या न रहें, इसका कोई विशेष महत्व नहीं, क्योंकि आपकी स्थिति पूरी तरह आनंद में स्थित हो जाती है। यही वह अवस्था है जिसे हमें प्राप्त करना है — और जो हमारे वास्तविक अस्तित्व का सहज स्वभाव बन जाना चाहिए।" सहज योग को गहनता से समझने,जुड़ने और आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करने हेतु नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं। सहज योग पूर्णतया निशुल्क है।

# पंच परिवर्तन हमारे पंच प्रण हैं...

## समग्र मानवता का उसमें निहित कण कण है...

रणजीत टाइम्स

**[ विकट , विद्रूप , विकराल परिस्थियों में आरएसएस एक आस है...संघ के विचार और स्वयंसेवक ही हमारा प्रबल विश्वास है...]**

समाज का जबरदस्त अधोपतन हो रहा है... संस्कारों का उजला महल खो रहा है...नैतिकता सलीब पर टँगी खो गई है...चारित्रिक दशा दुर्दशा बन नँगी हो गई है...मनुष्य से जो कभी न अपेक्षित रहे वो अपराध हो रहे हैं...युवक - युवती हवस की लिप्सा में हत्यारे बन दुष्कृत्य बो रहे हैं...पूरी धरती के अनेक देश आग की लपटों में झुलस रहे हैं...निर्दोष नागरिकों के जीवन युद्ध की विभीषिका में फंस रहे हैं...ऐसी विकट परिस्थिति में समाज के बीच आरएसएस का पंच परिवर्तन जरूरी है... समाज विघटन की कगार पर है उसका मजबूत संगठन मजबूरी है...अपनी स्थापना के सौवें वर्ष में संघ पंच परिवर्तन का ध्येय लाया है...राष्ट्रीय पुनर्निर्माण की दृष्टि रखकर पूरे विश्व में संघ छाया है...आजादी के पूर्व से स्थापित भगवा को गुरु मानने वाला संगठन बहुत सारे परिवर्तन ला चुका है...देशसेवा और हिन्दुत्व के संरक्षण हेतु कटिबद्ध स्वयंसेवक कहीं नहीं रुका है...समाज में जिन बातों की वर्जना है...वर्तमान प्रकरणों में वे ही गर्जना है...कोई सोनम हनीमून पर अपने ही पति राजा रघुवंशी को मार डालती है...कोई सोनम आशिक से आशिकी के चलते पति की लाश को सीमेंट में दबाकर नीले ड्रम में डालती है...लव जिहाद के क्रूर पंजे हिन्दू युवतियों के हुस्न को जकड़ रहे हैं...पहचान बदलकर विधर्मी नौजवान युवतियों की अतिअपेक्षा के भाव पकड़ रहे हैं...जो भारत में कभी न हुआ वो लिव इन का नया दौर प्रबल है...नशा शान बनकर चिढ़ा रहा समाज को जिसके सम्मुख हरकोई असहाय व निर्बल है...बाप बेटी से कुकर्म कर रहा , बेटा माँ का हत्यारा है... वहशियाना हरकतों और सामूहिक बलात्कार का दंश लग रहा सारा है...इन विकट , विद्रूप और विकराल परिस्थियों में आरएसएस एक आस है... संघ के विचार और स्वयंसेवक ही हमारा प्रबल विश्वास है...पंच परिवर्तन जो हमारे पंच प्रण हैं... समग्र मानवता का उसी में निहित कण - कण है...व्यक्ति परिवर्तन से परिवार परिवर्तन...परिवार परिवर्तन से समाज परिवर्तन...समाज परिवर्तन से राष्ट्र परिवर्तन...राष्ट्र परिवर्तन से विश्व परिवर्तन...इसी सोच का संघ पंचप्रण में कर रहा क्रियान्वयन...व्यक्ति के स्तर पर स्व का बोध... व्यक्ति ब्रह्मांड में होता है अबोध...परिवार के स्तर पर कुटुंब प्रबोधन...परिवार संस्था का सामाजिक प्रबंधन...समाज स्तर पर सामाजिक समरसता... सहज , सम्मानजनक , भेदभाव रहित व्यवहार में समाज बसता...देश के स्तर पर नागरिक कर्तव्यों की पालना...अनुशासित व सभ्य समाज में से भय निकालना...वैश्विक स्तर पर पर्यावरण अनुकूल जीवन...सृष्टि से सम्बद्ध और आबद्ध हो हमारा हरा - भरा उपवन...जब हम ये पांच परिवर्तन आचरणों में ले जाएंगे...तभी हम सच्चे रूपों में सांस्कृतिक शिखर पर विद्यमान इंसान कहलायेंगे...

## मध्य प्रदेश में खाद्य माफियाओं की जड़े गहरी सरकार बेबस ना होकर अधिकारियों पर कसे नकेल

रणजीत टाइम्स

खाचरोद । मध्य प्रदेश में इन दिनों फसलों को खाद की सख्त जरूरत है लेकिन कई जिलों में खाद के लिए किसानों दिन में तो ठीक रातों को भी जागना पड़ रहा है । हजारों किसान सुबह से रात तक लंबी कतारों में लग रहे हैं लेकिन एक बोरी खाद भी नसीब नहीं हो रही मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस उपाध्यक्ष व पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि श्री सुरेंद्र सिंह गुर्जर ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखकर किसान हित में मांग की है कि प्रतिवर्ष खरीब व रबी दोनों फसलों के वक्त हर प्रकार के खाद की बड़ी किल्लत होती है प्रशासन सरकार को गलत जानकारी देकर खाद का पर्याप्त भंडारण होने का दावा करता है । जो अन्नदाताओं के साथ छल एवं सरकार को गुमराह करने वाला है । गुर्जर ने बताया कि केंद्र सरकार किसान



हित की बाते तो करती है लेकिन धरातल पर स्थिति शून्य है खाद के अनेका अनेक भाव बढ़ाने के बाद भी अन्नदाता एक-एक बोरी के लिए दर-दर की ठोकर खाने के लिए मजबूर हो रहा है । कृषि प्रधान देश है लेकिन भ्रष्ट तंत्र और बिचौलिए और खाद कारोबारी मिलकर किसानों को खाद ऊंचे भाव में बेच रहे हैं 80% किसान खेती करने वाले जो केंद्र व राज्य सरकारों की आर्थिक मजबूती का आधार स्तंभ है। सरकारों की अनदेखी के कारण खाद की कालाबाजारी व शोषण करने वालों के शिकार हो रहे हैं । श्री गुर्जर ने बताया कि प्रदेश के कई सरकारी गोदाम में ताले लटक रहे हैं वही खाद माफियाओं के गोदाम में काली कमाई का अंबार है । लेकिन सरकार को सब कुछ पता होने के बाद भी कालाबाजारी में लिप्त दुकानों के लाइसेंस निरस्त नहीं करना देश के किसानों के साथ सरासर अन्याय है । गुर्जर ने बताया कि वर्तमान में खाद का संकट नहीं है संकट पैदा किया जा रहा है । सरकार को खाद की व्यवस्था पर निगरानी व नकेल कसना चाहिए । लेकिन खाद माफियाओं की गहरी जड़े होने के कारण सरकार बेबस दिखाई दे रही है । यही व्यवस्था किसने की फसलों पर पानी फेर रही है सरकारी ईमानदारी से सख्त कार्रवाई करें तो सरकार की शाख भी बची रहे और किसानों की नाराजगी भी दूर हो जाए।

# संगठन सृजन अभियान अन्तर्गत महिला कांग्रेस की बैठक समपन्न

रणजीत टाइम्स



झाबुआ । जिला महिला कांग्रेस द्वारा संगठन सृजन अभियान अन्तर्गत बैठक विधायक कार्यालय पर हुई जिसमें जिले की महिलाओं द्वारा संगठन सृजन अभियान अन्तर्गत चर्चा की तथा आगामी समय में संगठन को कैसे मजबुत किया जावे इस सबंध में चर्चा की गई। उक्त बैठक की अध्यक्षता जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्वेता गंगा मोहनिया द्वारा की गई उक्त बैठक में पूर्व केन्द्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया ने भी सम्बोधित किया । महिला कांग्रेस पार्टी का मुख्य अंश है, कांग्रेस पार्टी को मजबुत करने के सबंध में दिशा निर्देश दिये इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका ने भी अपने विचार रखे तथा संगठन केलिए हमेशा तत्पर रहने एवं कांग्रेस की नीति से अवगत कराया । साथ ही महिला कांग्रेस के जिला पदाधिकारीयों को ब्लाकस्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक भ्रमण कर संगठन को मजबुत करने के सबंध में चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन पार्षद मालू डोडियार व सुनीता अलावा शहर अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से किया तथा महिलाओं को अधिक से अधिक कांग्रेस पार्टी से जोडनें पर चर्चा की गई तथा पंचायत वार महिलाओं का संगठन तैयार करना आदि पर चर्चा की गई ।इस अवसर पर झाबुआ जनपद पंचायत उपाध्यक्ष शीला भूरिया, वीणाकुंवर पारा जनपद सदस्य रामा,पार्षद शीला भूरिया , जोता बाई,गोरी कटारा रजनी चैहान उपस्थित थी। आभार प्रदर्शन मारिया वडखिया द्वारा किया गया ।

## बामनिया में हुआ पहला नेत्रदान, दो लोगों के जीवन में होगा उजियारा

रणजीत टाइम्स

रतलाम बामनिया में नेत्रदान की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। अग्रवाल परिवार के सदस्य – सौरभ अग्रवाल . काव्यांश अग्रवाल ने अपने पिताजी राजेन्द्र अग्रवाल के निधन के बाद नेत्रदान की सहमति दी, जिससे दो नेत्रहीनों को दृष्टि प्राप्त होगी। इस पुण्य कार्य की पहल समाजसेवी मनीष अग्रवाल (पेटलावद),ओमप्रकाश अग्रवाल (रतलाम)ने की। नेत्रम संस्था के सदस्य हेमन्त मूणत के अनुसार, परिजनों की सहमति मिलने के बाद बड़नगर स्थित गीता भवन न्यास के ट्रस्टी एवं नेत्रदान प्रभारी डॉ. जीएल ददरवाल को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही डॉ. ददरवाल अपनी टीम के संजय कुमावत, मनीष तलाच के साथ बडनगर से बामनिया पहुंचे और नेत्रदान की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। इस अवसर



पर लोकेन्द्र चाणोदीया, हेमन्त जैन,नरेन्द्र अग्रवाल, रामेश्वर गर्ग,अरुण गोयल सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष मौजूद थे। इस पहल ने पूरे क्षेत्र में नेत्रदान के प्रति जागरूकता और सकारात्मक वातावरण का निर्माण किया है, जो भविष्य में अन्य लोगों को भी नेत्रदान के लिए प्रेरित करेगा।

# गच्छाधिपति श्री नित्यसेन सूरीश्वर जी म.सा. एवं गच्छाधिपती आचार्य देवेश श्री हितेश चंद्र सुरीश्वर जी म.सा.की हुई मुलाकात

**रणजीत टाइम्स**

मुंबई। श्री सौधर्म बृहत्तपागच्छीय विश्वपूज्य गुरुदेव प्रभु श्रीमद् विजय राजेन्द्र सूरीश्वरजी म.सा.





के प्रशिष्य पुण्यसम्राट् , युगप्रभावकाचार्य गुरुदेव श्रीमद् विजय जयन्तसेन सूरीश्वर जी म.सा.के पट्टधर, गच्छाधिपती, हृदय सम्राट श्रीमद् विजय नित्यसेन सूरीश्वरजी म.सा. एवं गच्छाधिपती आचार्य भगवंत श्रीमद् विजय हितेश चंद्र सूरीश्वर जी म.सा. की मुलाकात 13 खेतवाड़ी आराधना भवन में हुई एवं एक दूसरे की साता पृच्छा के पश्चात लंबी धर्म चर्चा हुई।

**सुबह खेतवाड़ी गली नंबर 13 में विराजमान गच्छाधिपति श्री नित्यसेन सुरीश्वर जी म.सा.आदि मुनि भगवंतो से मिलने गच्छाधिपती आचार्य देवेश श्रीमद् विजय हितेश चंद्र सूरीश्वर जी म.सा. आदि ठाना पहुंचे। गच्छाधिपति श्री नित्यसेन सूरीश्वर जी म.सा. एवं मुनि मंडल ने गच्छाधिपती आचार्यदेवेश श्रीमद् विजय हितेश चंद्र सूरीश्वर जी म.सा. की अगवानी करते हुए उनका स्वागत किया एवं साता पृच्छा के पश्चात दोनों आचार्यों में संघ, समाज और सामाजिक एकता को लेकर काफी लंबी चर्चा हुई।**

**चर्चा के दौरान**

**गच्छाधिपति श्री नित्यसेन सूरीश्वर जी म.सा. के साथ मुनि प्रवर श्री विद्वत रत्न विजय जी म.सा., मुनिराज श्री निपुण रत्न विजय जी म.सा. एवं मुनि मंडल उपस्थित था।**

# 92 अपूर्ण आंगनवाड़ी भवनों का सफलतापूर्वक पूर्ण निर्माण शिशु विकास को मिला नया संबल




**रणजीत टाइम्स**

उज्जैन । जिले में आंगनवाड़ी सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। जिले में पंचायतराज एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अभिसरण से स्वीकृत कई आंगनवाड़ी भवन पूर्व में राशि के अभाव में अपूर्ण स्थिति में थे। श्रीमती जयती सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उज्जैन द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात इस विषय को प्राथमिकता पर लेते हुए सतत् समीक्षा बैठकों एवं विभागीय समन्वय के माध्यम से अपूर्ण भवनों की पूर्णता हेतु आवश्यक राशि की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। उन्होंने संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं उपयंत्रियों को सक्रिय रूप से प्रेरित करते हुए निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु प्रोत्साहित किया। इन प्रयासों के फलस्वरूप अब तक 92 अपूर्ण आंगनवाड़ी भवनों का निर्माण पूर्ण कर उन्हें संचालन हेतु प्रारंभकर दिया गया है। इन केंद्रों में अब बच्चों को पोषण आहार, स्वास्थ्य सेवाएं एवं प्रारंभिक शिक्षा जैसे लाभ सुगमता से उपलब्ध हो रहे हैं, जिससे जिले में शिशु विकास एवं पोषण स्तर में उल्लेखनीय सुधार आया है। इसके अतिरिक्त, जिन पंचायतों में विभिन्न कारणों से राशि अवरुद्ध थी, वहां प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए 48 अपूर्ण आंगनवाड़ी भवनों की राशि वसूली की कार्यवाही भी सुनिश्चित की है। यह उपलब्धि मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती जयती सिंह के कुशल नेतृत्व, समन्वय और निरंतर निगरानी का परिणाम है, जिसने जिले में बाल विकास से जुड़ी आधारभूत संरचनाओं को मजबूती प्रदान की है।

# नागदा व्यापारी संघ ने चिकित्सक, लेखाकार एवं स्थापना दिवस पर भारतीय स्टेट बैंक प्रबंधको का सम्मान किया

**रणजीत टाइम्स**

**नागदा जं.। नागदा व्यापारी संघ की अगवानी में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी वर्ल्ड डॉक्टर्स डे चार्टर्ड अकाउंटेंट डे एवं भारतीय स्टेट बैंक की स्थापना दिवस उत्साह पूर्ण मनाया तथा. कार्यालय तथा अस्पताल में जाकर सभी का सम्मान किया।**

नागदा व्यापारी संघ की अगवानी में बुधवार को संघ के सदस्यों ने डॉ सुनील चौधरी एवं स्टाफ विभिन्न नर्सिंग होम, क्लीनिक तथा जनसेवा हॉस्पिटल पहुंचकर डॉ जितेंद्र पाल, डॉक्टर कोस्टा एवं स्टाफ. चिकित्सको का स्वागत किया तो भारतीय स्टेट बैंक की स्थापना दिवस पर ब्रांच मैनेजर आशीष सक्सेना पूर्व मैनेजर सनी अग्रवाल, राहुल जी व स्टाफ को पुष्पमाला पहनाई तथा नगर एवं व्यापारी हित में उत्कृष्ट सेवाओं का आभार मानकर सम्मान किया। नगर के चार्टर्ड अकाउंटेंट कमलनयन जैन का




विश्व लेखाकार दिवस के अवसर पर स्वागत किया। इस अवसर पर व्यापारी संघ के अध्यक्ष पंकज नामदेव, मुख्य संरक्षक दिनेश अग्रवाल, गोपाल सलूजा, वीरेंद्र जैन बिंदु, प्रेम पोरवाल, पंकज अग्रवालप्रदीप पर किया आशीष पोरवाल, अनिल पोरवाल, प्रकाश औ, आयुष पोरवाल सहित व्यापारी सदस्य गण मौजूद रहे। जानकारी मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने दी।

# श्रवणबेलगोला में सूक्ष्म लेखन कला का अद्भुत प्रदर्शन

## चावल पर सूक्ष्म लेखन कलाकार नीरू छाबड़ा का हुआ सम्मान

**रणजीत टाइम्स**

जयपुर/श्रवणबेलगोला। सुप्रसिद्ध चावल पर सूक्ष्म लेखन कलाकार एवं राष्ट्रीय मेरिट पुरस्कार से सम्मानित श्रीमती निरु छाबड़ा ने अपनी 46 वी वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर, अपने पति प्रदीप छाबड़ा के साथ, श्रवणबेलगोला में पूज्य भट्टारक



अभिनव चारुकीर्ति स्वामीजी के सान्निध्य में अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस मौके पर जयपुर निवासी श्रीमती छाबड़ा ने चावल के दानों पर सूक्ष्म लेखन से निर्मित दुर्लभ कलाकृतियाँ स्वामीजी को दिखाई । स्वामीजी ने उनकी कला की सराहना करते हुए उन्हें आशीर्वाद एवं शुभकामनाएँ प्रदान कीं। यह दिन श्रीमती छाबड़ा के लिए इसलिए भी विशेष रहा, क्योंकि यह उनके सूक्ष्म लेखन के 44 वर्षों के कला-सफर की स्मृति भी है। उन्होंने चावल के एक दाने पर ब्रश की सहायता से 108 अक्षर लिखने का कीर्तिमान स्थापित किया है, जो उनकी अद्वितीय प्रतिभा का प्रमाण है। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि इस मौके पर पूजनीय भट्टारक स्वामी जी ने श्रीमति छाबड़ा सहित युगल दम्पति का शॉल उढाकर एवं साडी व प्रशस्ति पत्र भेट कर सम्मानित किया। इससे पूर्व प्रदीप - निरु छाबड़ा ने भगवान बाहुबली के दर्शन लाभ एवं पूजा अर्चना कर पुण्यार्जन किया।

# थाना परदेशीपुरा पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी के आदतन अपराधी को छः माह की अवधि के लिये भोपाल जेल में किया निरूद्ध

**रणजीत टाइम्स**

इंदौर । पुलिस उपायुक्त झोन – 2 हंसराज सिंह, ,ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त झोन – 2 अमरेन्द्रसिंह के द्वारा शहर में अवैध मादक पदार्थ खरीदी / बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड तथा अवैध मादक पदार्थ बिक्री में संलिप्त अपराधियों पर कडी कार्यवाही के निर्देश दिये गये । वरिष्ठ अधिकारीगण के मार्गदर्शन में एसीपी परदेशीपुरा हिमानी मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी परदेशीपुरा आर0डी0 कानवा द्वारा कार्यवाही की गई । जिस तारतम्य में थाना परदेशीपुरा क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ बिक्री करने वाले अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये थानाक्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ बिक्री में संलिप्त रिकार्डेड बदमाश राजिक उर्फ राजिद पिता कल्लू खाँ निवासी 74/11 लालगली थाना परदेशीपुरा जिला इन्दौर (NDPS के 2 अपराध सहित कुल 19 अपराध) एवं करण यादव उर्फ कान्हा पिता संजय यादव उम्र 23 वर्ष निवासी 03/04 मालवा मील की पक्की चाल थाना परदेशीपुरा जिला इन्दौर (NDPS के 2 अपराध सहित कुल 16 अपराध) के विरूद्ध पिट् एनडीपीएस की कार्यवाही करते हुये इनके विरूद्ध प्रकरण तैयार कर डीसीपी जोन 2 नगरीय इन्दौर एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त महोदय के प्रतिवेदन पर न्यायालय संभाग आयुक्त इन्दौर ( दीपक सिंह) द्वारा अपने आदेश में विचारण उपरांत छः छः माह की अवधि के लिये उक्त दोनों बदमाशों को भोपाल जेल में निरूद्ध रखने हेतु आदेशित किया गया । उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी परदेशीपुरा आर0डी0 कानवा, उपनिरीक्षक दीपक जामोद, अनारसिंह जाधव, आर मनीष वर्मा, जैवेन्द्र गुर्जर जितेन्द्र राजपूत की उल्लेखनीय भूमिका रही है ।

# नगर पंचायत खेतिया की अनूठी पहल,, पुरानी, व खंडितमूर्ति,फ़ोटो को एकत्रित करने का चलाया अभियान

**रणजीत टाइम्स**

खेतिया । खेतिया शहर में मंदिरों,पिपल के पेड़ों के नीचे देवी देवताओं के फोटो,खंडित मूर्ति आदि रखें देखे जाते रहे,नगर परिषद खेतिया द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी ईश्वर महाले के निर्देशन में एक नयी पहल की गई जिसके तहत विशेष अभियान चला कर नगर में घरों व मंदिर , सार्वजनिक स्थलों पर पड़ी टूटी ,फूटी, खंडित मूर्ति, फोटो फ्रेम या अन्य धार्मिक पुस्तके आदि को नगर परिषद



के वाहन घर घर,गली गली घूमकर में सम्मान पूर्वक एकत्रित किया गया। जिनका धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए विसर्जन किया जाएगा। नगर पंचायत खेतिया की पहल की सराहना की जा रही है।

# वर्षा ऋतु के स्वागत में रसों की त्रिवेणी बही

**रणजीत टाइम्स**

नागदा। शब्दों के जादूगर, शानदार व्यक्तित्व के धनी, अपने व्यवहार से लोगों के दिलों पर छाप छोड़ने वाले आदरणीय श्री हरचरण सिंह चावला जी का जन्म दिन उनके निवास पर नगर के साहित्यकारों ने मनाया।इस अवसर पर एक सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। बधाई के गीत ,गजल, दोहे, मुक्तक और छंदों से,हास्य की कविताओं से,चावला जी का जन्मदिन अविस्मरणीय हो गया। इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक चौहान ,जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्रसिंह मोकड़ी,यशवंत दीक्षित सुंदरलाल जोशी 'सूरज' सुरेश रघुवंशी ,पूजा कृष्णा, विजय व्यास ,राजेश तिवारी कैलाश सोनी सार्थक, अशोक शर्मा मृदुल, अशोक गौर, कृष्णचंद्र पुरोहित, कमलेश शुक्ला देवीसिंह गुर्जर, राजेश रंगीला, गोपाल सुनहरे संजयहरि राठौर, विशाल गुर्जर,अर्जुन गुर्जर, नितिन पाटीदार जी ने अपनी भावना व्यक्त की। गोष्ठी का काव्यात्मक



संचालन सुंदरलाल जोशी 'सूरज' ने किया। आभार हरचरण सिंह चावला ने माना।

# रेल में लूट करने वाले तीन आरोपियों को पकड़ा नकदी और मोबाइल बरामद

**रणजीत टाइम्स**

मेघनगर । पुलिस अधीक्षक रेल इंदौर श्री संतोष कौरी के कुशल मार्गदर्शन में जीआरपी मेघनगर की बड़ी कार्यवाही खड़ी ट्रेन में लूट की एक गंभीर वारदात का पर्दाफाश करते हुए त्वरित कार्रवाई में तीन आरोपियों को गिरफ्तार



कर लिया है। आरोपियों से लूटा गया मोबाइल और नगदी भी बरामद कर ली गई है। यह कार्वाई रेलवे यात्रियों की सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। घटना का विवरण दिनांक 26.06.2025 को रात्रि 09.00 बजे फरियादी अपने भाई और दोस्तों के साथ डेमो ट्रेन संख्या 19340 (भोपाल-दाहोद पैसेंजर) से उज्जैन से दाहोद की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान बिलड़ी स्टेशन पर जब ट्रेन खड़ी थी, उसी समय चार अज्ञात आरोपी ट्रेन में चढ़े और फरियादी व उसके भाई के साथ मारपीट कर एक विवो कंपनी का मोबाइल (कीमत आरएस14,500/-) एवं आरएस2,400/- नगद लूटकर फरार हो गए। इस घटना से यात्रियों में दहशत फैल गई थी।

प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थाना मेघनगर में अपराध क्रमांक 44/25 धारा 309 (6), 304(1), 3(5) बी एन एस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस की त्वरित एवं समन्वित कार्वाईः प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रेल भोपाल श्री रवि कुमार गुप्ता एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक रेल भोपाल श्रीमती मोनिका शुक्ला के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक रेल इंदौर श्री संतोष कौरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल इंदौर श्रीमती मनीषा पाठक सोनी, और उप पुलिस अधीक्षक रेल रतलाम श्रीमती ज्योति शर्मा के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा घटना की बारीकी से विवेचना करते हुए सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण, और मुखबिर तंत्र के समन्वय से आरोपियों की पहचान कर सघन तलाश प्रारंभ की गई। अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर सफलता प्राप्त हुई।

**गिरफ्तार आरोपीः**

1. बहादुर पिता दलसिंह गामड़ (उम्र 21 वर्ष), निवासी ग्राम बिलड़ी, थाना रावटी, जिला रतलाम
2. रामू पिता पुना खदेड़ा (उम्र 19 वर्ष), निवासी ग्राम भागावाड, थाना रावटी, जिला रतलाम
3. अशोक पिता संदीप गामड़ (उम्र 24 वर्ष), निवासी ग्राम बिलड़ी, थाना रावटी, जिला रतलाम

गिरफ्तार आरोपियों से लूटा गया विवो मोबाइल फोन (आरएस14,500/- कीमत) एवं आरएस1,650/- नगदी बरामद की गई है। चौथा फरार आरोपी विधि विरुद्ध बालक है, जिसकी उम्र लगभग 14 वर्ष है। उसकी पहचान कानून की सीमाओं के अंतर्गत गोपनीय रखी जा रही है। उसकी तलाश हेतु प्रयास जारी हैं जल्द ही तलाश कर लिया जायेगा।

पुलिस टीम का सराहनीय योगदान

इस सराहनीय कार्य में थाना मेघनगर के प्रभारी सउनि शिवसिंह चौहान के नेतृत्व में सउनि सवेसिंह गुंडिया, आरक्षक खेमकरण जाट, जोगेन्द्र माल, प्रदीप भूरिया, आशीष कुमार, रामनिवास, अनूप नायक, सायबर सेल इंदौर से प्र.आर. इंदर, आर. धीरज राय, देवेन्द्र पटेल एवं आरपीएफ पोस्ट मेघनगर से आईपीएफ विजय मीणा व उनि मायाराम गुर्जर ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

रेलवे पुलिस की अपील

रेलवे पुलिस यात्रियों की सुरक्षा के लिए सतत रूप से सजग और सक्रिय है। यात्रियों से अपील है कि यात्रा के दौरान सतर्क रहें एवं किसी भी आपराधिक गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को दें। जीआरपी द्वारा हर शिकायत पर त्वरित और प्रभावी कार्वाई की जा रही है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरदारपुर में तैनात किया 2 सुरक्षा कर्मी



**रणजीत टाइम्स**

सरदारपुर । सरदारपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सुरक्षा गार्ड की तैनाती से होगा फायदा गार्ड की तैनाती से अस्पतालों में कई तरह से फायदा होगा। एक तरफ तो मरीजों को दलालों के चंगुल में फंसने से रोका जा सकेगा। दूसरी तरफ समानों की चोरी पर भी अंकुश लगेगा। सरकारी अस्पतालों में सुरक्षा कर्मी नहीं होने के कारण मरीजों को काफी दिक्कत होती थी अस्पतालों में लगातार मरीजों से शिकायत आती थी कि सुरक्षा को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। जिस पर सुरक्षा को लेकर ही स्वास्थ्य विभाग ने यह व्यवस्था बनाई है कि मरीजों की सुविधा व सामानों को लेकर गार्डों की तैनाती होनी चाहिए। ऐसे अस्पतालों में गार्डों की तैनाती की जाएगी, जहां मरीजों को भर्ती किया जाता है। ऐसे में आये दिन अस्पताल द्वारा स्वास्थ्य विभाग सुरक्षा गार्ड को लेकर चर्चा कि गई साथ ही दो गार्ड की तैनाती के बाद व्यवस्था बदलेगी और चोरी चकारी जैसी शिकायतों में भी कमी आ सकती है । इसे देखते हुए ही ऐसी व्यवस्था बनाई जा रही है, जिससे बेहतर परिणाम आ सके।

# बागेश्वर धाम टेंट हादसे पर पं. धीरेंद्र शास्त्री का बड़ा बयान, कहा- प्राकृतिक आपदा पर किसी का बस नहीं, दो दिन तक सभी कार्यक्रम स्थगित

रणजीत टाइम्स

छतरपुर। मध्य प्रदेश के छतरपुर के बागेश्वर धाम में भारी बारिश के बीच टीन की शेड गिरने से हादसा हो गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसमें कई लोग घायल भी हुए है, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं इस घटना पर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का बयान भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि यह हादसा इतना बड़ा नहीं है, जितना न्यूज में दिखाया जा रहा है। शास्त्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदा पर किसी का बस नहीं है। इसी के साथ उन्होंने इस हादसे के मद्देनजर तय किया है कि वे अपना जन्मदिन नहीं मनाएंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित कर दिए।

### शास्त्री ने घटना को लेकर कही यह बात

कथा के दौरान पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा, अत्यधिक बारिश के कारण यहां छोटी सी घटना हुई, लेकिन किसी ने गलत न्यूज चला दी कि टीन शेड गिर गया है। हमने सोचा इतना मजबूत शेड एक दिन में कैसे गिर गया? एक पुराने ग्राउंड में टेंट पर लगी पॉलीथीन में अत्यधिक पानी भर गया था। वहां, पाइप वाला छोटा टेंट लगा था, जिसका छोटा सा पाइप गिर गया था। न्यूज में बढ़ा चढ़ाकर कह दिया गया कि टीन शेड गिर गया और बड़ा हादसा



हो गया। हमें आश्चर्य हुआ, वहां अब दरबार भी नहीं लगता, पहले लगता था। 4-5 लोग बारिश से बचने के लिए वहां बैठे हुए थे, उनको चोटें आईं।

### दो दिन के लिए सारे कार्यक्रम स्थगित

शास्त्री ने कहा, "हमको मन में बहुत दुख लगा, इसलिए आज और कल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों को स्थगित कर रहे हैं। क्योंकि टीन शेड की कोई घटना नहीं है, फिर भी धाम क्षेत्र अपना है, सब अपने हैं, वह परिवार भी अपना ही है। किसी पर भी दुख आए, वह दुख तो अपना ही है।पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि भगवान की प्राकृतिक वर्षा में कहीं बिजली गिर जाती है, कहीं बादल फट जाते हैं।" उन्होंने आगे रामचरित मानस की चौपाई-"जन्म विवाह, मरण गति सोई,जेहि विधि लिखा सो तेहि विधि होई पढ़ी और कहा कि इस पर किसी का बस नहीं है। सब कह रहे थे कि कार्यक्रम पर विराम नहीं लगाया जाए, लेकिन हमारा मन नहीं माना। अनुष्ठान कथा पर विराम नहीं लगा सकते, इसलिए क्रम पूरा किया जाएगा।"

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना हैं

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स